कुलसचिव कार्यालय
लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ-226007

पत्रांक ....

दिनांक ....

<u>कार्यालय ज्ञाप</u>

विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में संचालित भिन्न–भिन्न परियोजनाओं में पी0डी0एफ0, जूनियर रिसर्च फेलो, जूनियर रिसर्च असिस्टेन्ट, फील्ड असिस्टेन्ट, डाटा इन्ट्री आपरेटर इत्यादि के चयन हेतु एकरूपता एवं पारदर्शिता लाने एवं ससमय चयन प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु माननीय कुलपति जी द्वारा निम्नानुसार चयन समिति का गठन किया गया है। जो निम्नवत् है:–

1–सम्बन्धित संकायाध्यक्ष
2–सम्बन्धित विभागाध्यक्ष
3–सम्बन्धित प्रधान अन्वेषक, परियोजना
4–संकायाध्यक्ष द्वारा नामित एक वाहय विशेषज्ञ
5–उपकुलसचिव, प्रोजेक्ट

समस्त प्रधान अन्वेषक, परियोजना उनकी परियोजना से सम्बन्धित पदों हेतु सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त करने के उपरान्त विश्वविद्यालय की Website पर पदों को नियमानुसार विज्ञापित करने के उपरान्त उक्तानुसार समिति से चयन प्रक्रिया पूर्ण कराकर मा0 कुलपति जी से स्वीकृति/प्रशासनिक नियुक्ति पत्र प्राप्त कर अग्रिम कार्यवाही करेंगे तथा उक्त के सम्बन्ध में पूर्व में निर्गत सभी कार्यालय आदेश तत्काल प्रभाव से निरस्त माने जाय।

/

(डॉ0 भावना मिश्रा)
कुलसचिव

संख्या PJ-3513-17 दिनांक 25/02/26

प्रतिलिपि–निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवष्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1–निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2–मा0 सदस्य गण उपरोक्तानुसार।
3–समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष, ल0वि0वि0 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया समस्त शिक्षकों/प्रधान अन्वेषक को अवगत कराने का कष्ट करें।
4–इंचार्ज वेबसाइट, ल0वि0वि0 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
5–वित्त अधिकारी, ल0वि0वि0।

Bmisla

कुलसचिव